भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद
INDIAN COUNCIL OF AGRICULTURAL RESEARCH
कृषि भवन, डॉ.राजेंद्र प्रसाद मार्ग,नई दिल्ली-110001
KRISHI BHAWAN, DR. RAJENDRA PRASAD MARG, NEW DELHI-110001

फा.सं.रा.भा.10(1)/2018-हिन्दी दिनांक: अगस्त, 2020

परिपत्र

विषय : सितंबर, 2020 में हिन्दी दिवस/सप्ताह/ पखवाड़ा / माह के आयोजन के संबंध में ।

भाषा की सरलता अभिव्यक्ति को सार्थकता प्रदान करती है और निज भाषा में मौलिक लेखन बहुत ही सहज और सरल होता है। आज आवश्यकता इस बात की है कि हिन्दी को सरलतम रूप में अपनाकर सरकारी कामकाज में अधिक से अधिक इसका प्रयोग किया जाए। राजभाषा के प्रति सम्मान एवं सरकारी कामकाज में हिन्दी के प्रयोग में प्रगति के संकल्प को सुदृढ़ करने के लिए हम प्रत्येक वर्ष 14 सितंबर को हिन्दी दिवस के रूप में मनाते हैं। कृपया राजभाषा विभाग के दिनांक 21.04.1987 के कार्यालय ज्ञापन सं. 1/14034/2/87-रा.भा.(क-1) का अवलोकन करें जो सितंबर माह में हिन्दी दिवस/सप्ताह/पखवाड़ा/माह के आयोजन के संबंध में है। सदभावना, प्रेरणा एवं प्रोत्साहन जो संघ की राजभाषा नीति का आधार है, के अनुसार हिन्दी दिवस के अवसर पर विभिन्न उत्साहवर्धक कार्यक्रम करना अपेक्षित है जिससे कार्यालयों में कार्मिकों को हिन्दी भाषा के प्रयोग के लिए सक्षम बनाया जा सके।

उपर्युक्त के आलोक में, परिषद के सभी अधीनस्थ संस्थानों से अनुरोध है कि कोविड-19 महामारी के परिप्रेक्ष्य में केंद्र सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों एवं मानक प्रचालन प्रक्रिया (एसओपी) का अनुपालन करते हुए हिन्दी दिवस/सप्ताह/पखवाड़ा/ माह -2020 का आयोजन किया जाए। इन कार्यक्रमों की अवधि इस प्रकार रखी जाए कि हिन्दी दिवस (14 सितंबर) इस अवधि के दौरान शामिल रहे। यह आयोजन संस्थान में उपलब्ध वित्तीय संसाधनों को ध्यान में रखते हुए और इस दौरान आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों में दी जाने वाली पुरस्कार राशि को सम्मानजनक बनाते हुए किया जाए। मुझे पूर्ण विश्वास है कि हिन्दी के प्रयोग की दिशा में आने वाली झिझक को दूर कर हम उपयुक्त वातावरण के सृजन में अवश्य सफल होंगे। इस अवसर पर सचिव, डेयर एवं महानिदेशक, भाकृअप द्वारा एक अपील तथा माननीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री महोदय का एक प्रेरणाप्रद संदेश पोस्टर के रूप में भी अलग से जारी किया जा रहा है।

सीमा चोपड़ा 31.8.20

(सीमा चोपड़ा)
निदेशक (रा.भा.)

वितरण : 1. भाकृअप के अधीनस्थ सभी संस्थानों/ निदेशालयों/ ब्यूरो/केन्द्रों के निदेशक
2. गार्ड फाइल